

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–05 मंगलवार, दिनांक–20 फरवरी, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक।**

[1] **प्रश्नकाल** :–

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iii) 07 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iv) 130 तारांकित प्रश्न अनागत।

परिवहन विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित अल्पसूचित प्रश्न संख्या–9 एवं 10 के उत्तर के लिए माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा समय की मांग की गयी, जिसे आसन की अनुमति मिली।

[2] **कार्यस्थगन प्रस्ताव** :–

माननीय सदस्य, श्री सत्यदेव राम, श्री महबूब आलम, श्री अजय कुमार, श्री राम रतन सिंह, श्री रामबली सिंह यादव, श्री अखतरूल ईमान एवं श्री मुहम्मद इजहार असफी तथा श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

[3] **शून्यकाल** :–

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

1. श्री मोहम्मद अनजार नईमी
2. श्री महबूब आलम
3. श्रीमती मंजु अग्रवाल
4. श्री महा नंद सिंह
5. श्री मुरारी मोहन झा
6. श्री राम सिंह
7. श्री गोपाल रविदास
8. श्री अजय कुमार
9. श्री अजीत कुमार सिंह
10. श्री मुहम्मद इजहार असफी
11. श्रीमती निक्की हेम्ब्रम
12. श्रीमती ज्योति देवी
13. श्री इजहारूल हुसैन
14. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा

15. श्री राम रतन सिंह
16. सुश्री श्रेयसी सिंह
17. श्री विनय कुमार
18. श्री संदीप सौरभ
19. श्री कृष्णनंदन पासवान
20. श्री ललन कुमार
21. श्री बीरेन्द्र कुमार
22. श्री विनय बिहारी
23. श्री विद्या सागर केशरी
24. श्री अखतरूल ईमान
25. श्री रामबली सिंह यादव
26. श्री अचमित ऋषिदेव
27. श्री बिजय सिंह
28. श्री अरूण शंकर प्रसाद
29. श्री सुर्यकान्त पासवान
30. श्री जय प्रकाश यादव
31. श्री बीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता
32. श्री प्रणव कुमार
33. श्री विजय कुमार खेमका
34. श्री जिवेश कुमार
35. श्रीमती रश्मि वर्मा
36. श्री कुमार शैलेन्द्र
37. श्री पवन कुमार यादव

**[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-**

(i) माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम एवं अन्य सभासदों से प्राप्त समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार खेमका एवं अन्य सभासदों से प्राप्त आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी, जिसे आसन की अनुमति मिली।

**[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 395 के तहत बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के वित्तीय वर्ष 2019–20 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**<u>भोजनावकाश के बाद</u>**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:02 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[6] <u>वित्तीय कार्य</u> :-**

**<u>वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–1 (जल संसाधन विभाग; शिक्षा विभाग; ग्रामीण कार्य विभाग; परिवहन विभाग; योजना एवं विकास विभाग; संसदीय कार्य विभाग; विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग; सूचना एवं जन संपर्क विभाग; सूचना प्रावैधकी विभाग तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।</u>**

माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री राजेश कुमार द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद–विवाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लियाः–

(i) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(ii) श्री चन्द्रशेखर
(iii) श्री ललित नारायण मंडल

**[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(iv) श्री रामवृक्ष सदा
(v) श्री कुमार शैलेन्द्र

आसन द्वारा किसी भी संसदीय शब्द या वक्तव्य को कार्यवाही से हटाये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही विपक्ष के माननीय सदस्यों को अपनी बातें कहने का मौका भी दिया गया।

विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी बात कहकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

(vi) श्री निरंजन कुमार मेहता

(vii) श्रीमती ज्योति देवी

(viii) श्री विद्या सागर केशरी

**[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(ix) श्री राज कुमार सिंह

(x) श्री लखेन्द्र कुमार रौशन

(xi) श्री अखतरूल ईमान

तदुपरान्त माननीय मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात श्री राजेश कुमार का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त जल संसाधन विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

[7] निवेदन :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 40 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक–21 फरवरी, 2024 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–20.02.2024

राज कुमार
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।